# कॉरपेट मार्ट से कालीन उद्योग को मिलेगा बढ़ावा : सहगल

लखनऊ। सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल ने कहा कि भदोही में बनाया गया कॉरपेट मार्ट जनवरी के अंत तक विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। इससे भदोही के कालीन उद्योग को बढ़ावा मिलने के साथ ही निर्यात में भी बढ़ोतरी होगी। प्रमुख सचिव ने निर्यात प्रोत्साहन भवन में बृहस्पतिवार को भदोही इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथॉरिटी के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कॉरपेट मार्ट का हस्तांतरण इसी महीने के अंत तक करने व फरवरी में मार्ट में बड़े स्तर पर मैले का आयोजन करने के भी निर्देश दिए।



**180 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है कॉरपेट मार्ट**

सहगल ने कॉरपेट मार्ट हस्तांतरण के लिए जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में समिति गठित कर कॉरपेट मार्ट हस्तांतरण की कागजी कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 180 करोड़ की लागत से बने कॉरपेट मार्ट के निर्माण में कोताही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को कालीन निर्यातकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान करने, कालीन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अवस्थापना सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भदोही में निर्यातकों की सुविधा के लिए बाबतपुर से भदोही तक 4 लेन रोड़ का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने भदोही औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन सुगम बनाने के लिए 30 किलोमीटर रोड के सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। बैठक में बीडा की सीईओ ज्योत्सना सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। ब्यूरो

Amar Ujala page 6 date 3/1/2020